>

Title: Need to permit stone quarry from riverbed of Pandai river in West Champaran district, Bihar.

**श्री बैद्यनाथ प्रसाद महतो (बाल्मीकिनगर):** बिहार के जिला पं. चंपारण के गौनाहां प्रखंड के भिखनाठोरी पंडई नदी के आसपास आदिवासियों (थारू जाति) की घनी आबादी है। यह आदिवासी समुदाय पंडई नदी के पत्थर चुनकर अथवा हाथ से तोड़कर निकालकर अपना जीविकोपार्जन करता था, लेकिन विगत कुछ सालों से सरकार ने इस पर पाबंदी लगा दी है, जिसके कारण आदिवासी मजदूर रोजगार विहीन हो गया है। पत्थर की निकासी नहीं होने से बाढ़ का पानी जंगल एवं रेलवे स्टेशन का कटाव कर रहा है।

अतः मैं जनहित में भारत सरकार से मांग करता हूँ कि राज्य सरकार से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर उक्त नदी से पत्थर निकासी हेतु लीज की व्यवस्था करें जिससे सरकार को राजस्व मिले तथा उस क्षेत्र के आदिवासी मजदूरों को रोजगार मिल सकें।